आकाशवाणी चंडीगढ़

23 जनवरी 2025, समय 1810

समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज विश्व मंच पर भारत की भूमिका बढ़ रही है। वह दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनेगा।आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश में कहा कि देशवासियों को नेताजी सुभाष की प्रेरणा से विकसित भारत के ध्येय लिए निरंतर काम करते रहना है और यही नेताजी को हमारी सच्ची कार्यांजलि होगी।

विश्व में भारत की बढ़ती हैसियत पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय देश की प्रगति के लिए वातावरण अनुकूल है और विश्व भारत की तरफ देख रहा है।उन्होंने कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण कालखंड में हमें नेताजी सुभाष की प्रेरणा से भारत की एक जुटता पर बल देना है। हमें उन लोगों से भी सतर्क रहना है जो देश की एकता को तोड़ना चाहते हैं।

****

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज राजभवन में महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के पावन अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री दत्तात्रेय ने स्वतंत्र और समावेशी भारत के लिए उनके साहस, दूरदर्शिता और समर्पण की सराहना की और नागरिकों से इन आदर्शों को बनाए रखने का आह्वान किया, ताकि एक मजबूत और एकजुट समाज का निर्माण किया जा सके।

राज्यपाल ने हरियाणा और पूरे देश के लोगों से उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने और समानता, न्याय और समावेशिता पर आधारित समाज के निर्माण के लिए खुद को समर्पित करने का आग्रह किया।

****

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ में कहा कि 26 जनवरी कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस के मौके पर लगातार चौथी बार हरियाणा की झांकी प्रदर्शित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा तैयार यह झांकी गणतंत्र दिवस समारोह में नई दिल्ली कर्तव्य पथ पर प्रदेश की समृद्धि, विरासत और विकास का अलौकिक दृश्य प्रस्तुत करेगी। झांकी में हरियाणा के कुरुक्षेत्र में भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन के माध्यम से मानवता को दिए गए गीता के दिव्य संदेश के रूप में जहां प्रदेश की समृद्ध विरासत को दर्शाया गया है वहीं तकनीकी व नवाचार के क्षेत्र में हरियाणा के निरंतर विकास व खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते हरियाणा की खेल शक्ति की नई झलक भी दिखाई देगी।

****

हरियाणा मंत्रिमंडल ने आज कान्फेड, हरियाणा मिनरल्स लिमिटेड तथा हथकरघा एवं निर्यात निगम के वृद्धावस्था पेंशन सहित अपने अपने नियमों से भी पेंशन ले रहे पूर्व कर्मचारियों को राहत देने सहित कई महत्वपूर्ण फैसले लिए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि ऐसे कर्मचारियों द्वारा प्राप्त की गयी एक साल की 1करोड़ 46 लाख रुपये की राशि को पूरी तरह माफ करने का फैसला लिया गया है। इन कर्मचारियों को अब HSMITC के पूर्व कर्मचारियों की तरह ही एक निश्चित मानदेय दिया जायेगा। कर्मचारी वर्गीकरण के आधार पर यह मानदेय 6 हजार रुपये से लेकर 20 हजार रुपये प्रतिमाह होगा

मंत्रिमंडल की बैठक में पहले महान स्वतंत्रता सेनानी नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती पर उन्हें नमन किया गया।

मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा दिव्यांग पेंशन नियम, 2016 में संशोधन को भी मंजूरी प्रदान की गई है।

संशोधन के अनुसार, अब हरियाणा में 10 और श्रेणियों के दिव्यांगजनों को मासिक पेंशन का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पानीपत में हरियाणा बाबा श्री खाटू श्याम चुलकाना धाम पूजास्थल बोर्ड बनाने को मंजूरी दी गई है।इसके अलावा मंत्रिमंडल ने वस्तु एंव सेवा कर से

पहले के 7 अधिनियमों के तहत बकाया कर राशि का निपटान करने के लिए हरियाणा एकमुश्त निपटान योजना-2025 को भी स्वीकृति दी है।किसी एक अधिनियम में 10 लाख रुपये तक की बकाया राशि वाले करदाताओं को 1 लाख रुपये तक की छूट दी जाएगी,शेष मूल कर राशि में से भी 60 प्रतिशत की छूट दी जाएगी । उन्होंने कहा कि 10 लाख से अधिक व 10 करोड रुपए तक की बकाया राशि वाले करदाताओं को भी कर राशि में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इस योजना का लाभ लेने वाले सभी करदाताओं का ब्याज व जुर्माना राशि पूरी तरह से माफ कर दी जाएगी। योजना के तहत लगभग 2 लाख से अधिक करदाता फायदा उठा सकेंगे

उन्होंने कहा कि विश्व बैंक के सहयोग से हरियाणा को 2030 तक प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए हरियाणा क्लीन ऐयर प्रोजेक्ट की डीपीआर को मंजूरी दी गई है।श्री नायब सिंह ने कहा कि लगभग 3,647 करोड़ रुपये के कुल परियोजना निवेश के साथ, विश्व बैंक के सहयोग से परियोजना का कार्यान्वयन किया जाएगा।

****

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जिसने योग को पहली से दसवीं कक्षा तक पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया है। हरियाणा योग आयोग प्रदेश में 22000 से अधिक योग प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण देकर योग का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कर रहा है।श्री बंडारू दत्तात्रेय आज नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस आईटीबीपी के भानु प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित सूर्य नमस्कार कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।श्री दत्तात्रेय ने कहा कि अष्टांग योग के आसन में सूर्य नमस्कार की अपनी महत्ता है।इसे सभी योगासनों में सर्वश्रेष्ठ माना गया है। सूर्य नमस्कार स्त्री, पुरुष, बाल, युवा और वृद्धों व सभी के लिए उपयोगी है।उन्होंने कहा कि सूर्यनमस्कार के कार्यक्रम से लोगों का मनोबल बढ़ेगा और प्रधानमंत्री जी के फिट इण्डिया कार्यक्रम को बल मिलेगा।